p>

Title: Non-functioning of telephone tower at Maichanda in Supaul Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री विश्व मोहन कुमार (सुपौल): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय संचार मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सुपौल, जो नेपाल सीमा से लगा हुआ है, के लिए संचार माध्यम जो एक महत्वपूर्ण समस्या है, की ओर ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। लैंड लाइन व्यवस्था न होना एक महत्वपूर्ण समस्या है। लैंड लाइन की व्यवस्था नहीं होना एवं टावरों की कमी से वायरलैस सिस्टम के फोन भी केवल घरों की शोभा बढ़ा रहे हैं।

महोदय, महिचन्दा एवं जरौली मेरे संसदीय क्षेत्र के प्रमुख व्यापारिक केन्द्र हैं। जहां पर बी.टी.एस. प्रणाली का वायरलैस टावर लगा है तथा यू.एस.ओ. क्षेत्र में आता है। इसी टावर से मेरा फोन भी जुड़ा हुआ है। मेरा संसदीय कार्य अपने निवास से होता है, जहां लैंड लाइन की व्यवस्था नहीं है। साथ ही साथ नेपाल के अंतर्राष्ट्रीय सीमा से जुड़ा रहने के कारण महिचन्दा एवं जरौली टावर की भूमिका अहम् है। यू.एस.ओ. के तहत टावर लगने से निजी क्षेत्र के द्वारा टावरों की देख-रेख होती है, जिससे हमेशा टावर डिस्टर्ब रहता है एवं विभाग की निष्क्रियता के कारण टावर लगभग काम नहीं करता है जिससे मुझे एवं आम मोबाइल उपभोक्ता को संचार स्थापित करने में काफी कठिनाइयों से जूझना पड़ता है। ठेकेदारी प्रथा होने के चलते यू.एस.ओ. मनमानी करता है, जिससे समस्या हमेशा बनी रहती है। IC एवं BSNL के टावर को BSNL देखती है, जो ठीक काम करता है, जनरेटर नहीं चलने पर उसे उतना ही पैसा मिलता है जितनी वह सर्विस करता है ।

अतः माननीय मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि शीघ्र ही महिचन्दा एवं जरौली टावर को उपभोक्ताओं की मांग को देखते हुए दुरूस्त किया जाये एवं मेरे संसदीय क्षेत्र का सर्वे कराकर टावर एवं लैंड लाइन लगवाया जाये, जिससे मुझे एवं मोबाइल उपभोक्ताओं को सहूलियत हो तथा मेरा संसदीय कार्य भी अच्छे से सम्पन्न हो सके।